## उद्योग मंत्री ने की अनुराग ठाकुर से मुलाकात

### प्रदेश, जसवां परागपुर की परियोजनाओं को लेकर की चर्चा

शिमला, 21 जून (जनसत्ता)।

उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने आज, सोमवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त एवं कारपोरेट मामले के राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात कर प्रदेश और अपने विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने राज्यमंत्री से इन परियोजनाओं से सम्बन्धित मामलों को शीघ्र स्वीकृति के लिए विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों के समक्ष उठाने का आग्रह किया।

उद्योग मंत्री ने जसवां परागपुर विधानसभा के मुद्दों पर चर्चा करते हुए राज्य मंत्री को अवगत करवाया कि क्षेत्र में विभिन्न खड्डों के बाढ़ सुरक्षा और कटाव रोधी उपायों के लिए 505.71 लाख रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी गई है जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। उन्होंने अनुराग से इन मामलों को केन्द्र सरकार से आगामी कार्रवाई के लिए उठाने का आग्रह किया। उन्होंने ठाकुर से पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकरण को चनौर गांव में अपनी शाखा और एटीएम खोलने के निर्देश देने का भी आग्रह किया।

उन्होंने राज्य मंत्री से सड़क परिवहन मंत्रालय से केंद्रीय सड़क एवं बुनियादी ढांचा कोष के तहत जिला कांगड़ा में रक्कड़-चलाह-अप्पर भटोली-टिक्कर-शान्तला सड़क के सुधारीकरण, चौड़ाई और सुदृढ़ीकरण मामले पर कार्रवाई करने का भी आग्रह किया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्रालय से जसवां परागपुर विस क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत रिड़ी कुठेड़ा में केन्द्रीय विद्यालय स्वीकृत करने के मामले में उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि उनके विस क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल से नल उपलब्ध करवाने के लिए तीन चरणों में 11 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए केन्द्र से 2394.32 लाख रुपए की आवश्यकता है। अभी तक इन योजनाओं के लिए केन्द्र ने 1043.56 लाख रुपए आवंटित किए हैं। उन्होंने इन परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के लिए शेष स्वीकृत राशि को शीघ्र जारी करने का आग्रह किया।

उन्होंने औद्योगिक विकास योजना को वर्ष 2024 तक दो साल का विस्तार देने और राज्य में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश को जम्मू-कश्मीर के समान प्रोत्साहन प्रदान करने के संदर्भ में भी ठाकुर से चर्चा की। उन्होंने सोलन जिले के बद्दी में सीईटीपी सुविधा प्रदान करने के लिए सौंपे गए प्रस्ताव पर संबंधित मंत्रालय से मामला उठाने का आग्रह किया। उन्होंने वाणिज्य मंत्रालय से बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ को अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक गलियारे के तहत औद्योगिक नोड के रूप में समावेश करने का भी आग्रह किया।

### गोड़ा से की मुलाकात

उद्योग मंत्री ने केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा से भी मुलाकात कर कहा कि प्रदेश ने भारत सरकार के फार्मास्यूटिकल विभाग को बल्क ड्रग और चिकित्सा उपकरण पार्क के लिए प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव भेजे हैं। उन्होंने इन पार्क से सम्बन्धित निर्णय शीघ्र घोषित करने का आग्रह किया ताकि एपीआइ कीमतें स्थिर हों और इसके परिणामस्वरूप आयात प्रतिस्थापन भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने गौड़ा से कहा कि प्रदेश में 700 फार्मा कम्पनियां कार्य कर रही हैं और हिमाचल देश का सबसे बड़ा फार्मा हब बनकर उभरा है। भारत सरकार की ओर से पहाड़ी राज्यों के लिए स्वीकृत औद्योगिक पैकेज से हिमाचल प्रदेश के फार्मा क्षेत्र में असाधारण औद्योगिक विकास हुआ है। इन दोनों मंत्रियों ने इन मसलों को सरकार के समक्ष उठाने का भरोसा दिया है।

## इंदु बनीं राष्ट्रीय महिला मोर्चे की महासचिव

शिमला, 21 जून (जनसत्ता)।

### प्रदेश स्तर पर उपेक्षित नेत्री को आलाकमान से मिला दूसरी बार तोहफा

प्रदेश स्तर पर सरकार व संगठन की ओर से बार-बार सताए जाने के बाद भाजपा आलाकमान ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को दूसरी बार बड़ा तोहफा थमा दिया है। आलाकमान ने इंदु गोस्वामी को राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महासचिव नियुक्त कर दिया है। इससे पहले आलाकामन ने उन्हें तमाम विरोधों के बावजूद राज्यसभा सांसद बना दिया था।

हालांकि वह प्रदेश भाजपा की अध्यक्ष बनना चाहती थी। लेकिन विरोध के कारण उन्हें यह पद नहीं दिया गया है। ऐसे में अब वह राष्ट्रीय स्तर पर मोर्चा की महासचिव बन गई हैं। गौरतलब हो कि जय राम सरकार के सत्ता में आने के बाद इंदु गोस्वामी को हर स्तर पर सताया जाता रहा है। उनके काम नहीं किए जाते थे। स्थानीय स्तर पर उनके खिलाफ मुहिम छेड दी गई। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजीव बिंदल के पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद उन्होंने प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष बनने की कोशिश लेकिन सरकार व संगठन के कुछ घटकों ने जबरदस्त विरोध किया। आहत इंदु गोस्वामी ने अपनी दास्तां आलाकमान को सुनाई तो उन्हें राज्यसभा भेजने के लिए प्रदेश की सरकार व संगठन को आदेश दे दिया। विरोधियों को मुंह की खानी पड़ी और इंदु गोस्वामी को न चाहकर भी राज्यसभा भेजना पड़ा। यह इंदु के विरोधियों के लिए यह बड़ा झटका था।

प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व उनके धड़े के अलावा इंदु गोस्वामी को किसी का सहारा नहीं मिला है। लेकिन धूमल खुद ही हाशिए पर धकेल दिए गए थे। इंदु के राज्यसभा सांसद बनने के बाद प्रदेश में चार नगर निगमों के चुनाव हुए व उनमें से भाजपा दो हार गई। इसके बाद प्रदेश सरकार व संगठन में अंदरखाते बदलाव की मांग उठने लगी। इंदु ने इस फेरबदल की संभावनाओं के बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने की मुहिम चला दी लेकिन इस बीच उनके पालमपुर भाजपा मंडल से मुख्यमंत्री को चिटिठयां भिजवा दी गई कि वह कांग्रेसियों के काम करवा रही है। वहीं, पालमपुर निगम चुनावों की हार का ठीकरा भी उन्हीं पर फोड़ने की कोशिश की गई।

इस बीच पिछले दिनों राजधानी में आगामी चुनावों को लेकर भाजपा के तीन दिवसीय मंथन शिविर में सबसे बड़े जिले कांगड़ा से लोकसभा सांसद किश्न कपूर और इंदु गोस्वामी पहुंचे ही नहीं। कहा तो यह जा रहा है कि इन्हें बुलाया ही नहीं गया। चूंकि जिन-जिन पदाधिकारियों को इस मंथन शिविर में आना था उनमें ये दोनों शामिल ही नहीं थे। हालांकि विशेष आमंत्रित सदस्यों में तो इन्हें बुलाया ही जा सकता था। आगामी चुनावों को लेकर राज्य स्तरीय मंथन हो रहा हो और सबसे बड़े जिला के दो सांसद नदारद रहे तो अचरज तो होगा। उनके बारे भाजपा के एक प्रवक्ता से पूछा भी गया था तो उन्होंने कहा कि उनका आना अपेक्षित नहीं है। भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी अब चरम पर पहुंच चुकी है। लेकिन आलाकमान के आगे सरकार व संगठन नतमस्तक है।

इस मंथन शिविर के शुरू होने से पहले भी उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। उन्होंने इस शिविर में शिरकत नहीं की लेकिन इसके आखिरी दिन वह शाम को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिल आई और शाम को उन्होंने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने फेसबुक पर सांझा कर दी। इससे उनके विरोधियों पर बिजली गिर गई व उन्हें लग गया था कि गोस्वामी कोई बड़ा ओहदा हासिल करने वाली हैं। आज उनकी नियुक्ति हो भी गई है। सूत्रों के मुताबिक नड्डा से मुलाकात के दौरान उन्होंने सरकार व संगठन के कुछ लोगों की शिकायत भी की कि वह खुद को आलाकमान समझने लगे है।

## राजधानी में घर में घुसा तेंदुआ, शख्स घायल

शिमला, 21 जून (जनसत्ता)।

राजधानी के कृष्णानगर में एक ढारे में रात को तेंदुआ घुस आया। तेंदुआ तड़के सुबह तीन बजे क करीब गौरव जसवाल के ढारे में घुस आया और जसवाल पर हमला कर दिया। चीख पुकार करने पर यह तेंदुआ बाथरूम में घुस गया और अंदर फंस गया। तेंदुए के हमले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर आई और खून से लथपथ गौरव जसवाल को इंदिरा गांधी मेडिकल अस्पताल ले गई। अस्पताल में डाक्टरों ने जस्वाल को आठ टांकें लगाए गए हैं। उसकी हालात ठीक है। लेकिन इस बीच पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई। सुबह वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। वन विभाग की टीम ने सुबह इस तेदुए को बेहोश किया और इसे अपने ले गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। राजधानी में गाहे बगाहे तेंदुए आबादी वाले इलाकों में आते रहे हे। लेकिन किसी को घायल एक लंबे अरसे बाद किया है।

## कोरोना से 24 घंटों में गई छह की जान, 193 नए मामले

शिमला, 21 जून (जनसत्ता)।

बीती रात से लेकर अब तक प्रदेश में कोरोना संक्रमण से छह मौतें हुई है। इसके साथ ही संक्रमण से अब तक 3,432 मौतें हो चुकी है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में 193 नए मामले सामने आए हैं जबकि 490 मरीज ठीक होकर घर भी चले गए है।

प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 2 लाख 603 तक पहुंच गया है। इसके अलावा अब तक 1 लाख 94 हजार 739 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा घट कर 2,408 तक पहुंच गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इन छह मौतों में से जिला शिमला में दो जबकि मंडी, सोलन, कांगड़ा और हमीरपुर में एक-एक मौत हुई है। कांगड़ा में अब तक 1,024 मौतें हो चुकी है जबकि शिमला में 595, मंडी में 383, सोलन में 309 और हमीरपुर में 252 मरीज जान गवां चुके है। पिछले 24 घंटों में ठीक हुए 490 मरीजों में से सबसे ज्यादा 118 मरीज जिला कांगड़ा में ठीक हुए हैं। कांगड़ा में अब 605 ही सक्रिय मरीज रह गए है। जबकि लाहौल स्पीति में 26 सक्रिय मरीज ही रह गए है।

### पिछले सप्ताह संक्रमण दर 1.3 फीसद की गई दर्ज

शिमला: प्रदेश में 14 जून से 20 जून के दौरान कोविड के 1,860 पॉजीटिव मामले और पॉजिटिविटी दर 1.3 फीसद दर्ज की गई। इसी अवधि के दौरान जिला बिलासपुर में कुल 9,655 लोगों की कोविड जांच हुई जिनमें से 104 लोग पॉजीटिव पाए गए और पॉजिटिविटी दर 1.1 फीसद रही। यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता की ओर से सांझा की गई है। चंबा में पॉजीटिविटी दर 2.5 फीसद, हमीरपुर में 1.6 फीसद, कांगड़ा में 1.3 फीसद, किन्नौर में 2.4 फीसद रही। कुल्लू में यह दर 1.6, लाहौल स्पीति में 1.9, मंडी में 1.1, शिमला में 1.8, सिरमौर में 1.2, सोलन में 0.9, ऊना में 0.7 दर्ज की गई।

### वीरभद्र ने दूसरी बार दी कोरोना को मात

पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने दूसरी बार कोरोना संक्रमण को मात दे दी है। सोमवार को उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है व आइजीएसमी अस्पताल प्रशासन ने उन्हें कोविड वार्ड से स्पेशल वार्ड नंबर 633 में भेज दिया है। आइजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जनकराज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आ गई है। वह काफी हद तक ठीक है। उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। याद रहे पूर्व मुख्यमंत्री की देखभाल कर रही नर्स के कोविड पॉजीटिव आने के बाद दस जून को वीरभद्र सिंह नमूने लिया गया था। उनकी रिपोर्ट पाजीटिव आई थी। उनके दूसरी बार कोरोना पॉजीटिव पाए जाने के बाद उनके समर्थकों में चिंता फैल गई थी। लेकिन डॉक्टरों की निगरानी में उनकी उचित देखभाल होने के कारण उनक रिपोर्ट आज नेगेटिव आ गई है। 86 वर्षीय वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके है और आगामी 23 जून को उनका जन्मदिन है।

## चार लाख की धोखाधड़ी हुई तो सह न सका सदमा

धर्मशाला, 21 जून (जनसत्ता)।

कांगड़ा जिले के गोलवां में पुरानी गाड़ियों के खरीदो-फ रोख्त के गोरखधंधे में एक व्यक्ति कमल कुमार की जान चली गई।

जानकारी के मुताबिक सथेरा (गोलवां) निवासी कमल ने 4 लाख 23 हजार में एक व्यक्ति से बोलेरो पिकअप जीप खरीदी। चार फरवरी को दोनों के बीच अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद बाकी के 20 हजार देने की बात तय हुई। इस बीच विक्रेता ने पुलिस थाने में गाड़ी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। इस पर गाड़ी बेचने वाले और कमल को रैहन चौकी की पुलिस ने जब तलब कर लिया तो पुलिस की मौजूदगी में गाड़ी वापस करने के बदले क्रय राशि 4 लाख 3 हजार रुपए क्रय राशि बीस दिनों के अंदर वापस कमल को लौटाने को लेकर इकरारनामा हुआ। मगर इकरारनामे की शर्तें पूरी करने में नाकाम रहने पर विक्रेता ने कमल को इस राशि के जो तीन चैक थमाए वह पंजाब नैशनल बैंक की राजा का तालाब शाखा से बाउंस हो गए। बार-बार फोन करने के बाद भी जब विक्रेता ने जबाव नही दिया तो इतनी बड़ी रकम की धोखाधड़ी सहन नहीं कर पाने से कमल की मौत हो गई। अब मृतक के आश्रितों ने पुलिस से आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरी जय राम सरकार ने किया योग

शिमला, 21 जून (जनसत्ता)।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आज, सोमवार को मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर, उनके कुछ मंत्रियों व अधिकारियों व लोकसभा सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने सोमवार को राजधानी के आलीशान होटल के भीतर योग किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि योग न केवल मानव को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है बल्कि यह शरीर और आत्मा के मध्य सन्तुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रदेश के आयुष विभाग की ओर से आभासी माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस -2021 योगा फोर वैल बींग विषय पर आधारित है, जो कि कोरोना महामारी के इस कठिन समय में बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी न केवल एक आपदा है बल्कि इस महामारी ने लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डाला है। कोरोना महामारी के प्रतिबन्धों और इससे हुई क्षति के कारण लोग अवसाद और चिन्ता से जूझ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अपनी वेबसाइट पर बताया है कि योग लोगों को इस तरह के संकटों से निपटने में सहायक सिद्ध होता है। यह सन्देश लोगों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा की आयुष विभाग ने आर्ट ऑफ लिविंग, योग भारती, विवेकानंद योग केंद्र आदि के सक्रिय सहयोग से इस साल 14 मई को नए कार्यक्रम आयुष घर-द्वार का शुभारम्भ किया।

## मंडी में 18 से 44 आयुवर्ग के लिए शुरू हुई टीकाकरण की बड़ी मुहिम

मंडी, 21 जून (जनसत्ता)।

मंडी जिले में 18-44 आयु समूह के लोगों के कोरोनारोधी टीकाकरण के लिए एक बड़ी मुहिम शुरू की गई है। सोमवार से चलाई गई इस मुहिम का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस मौके पर नगर निगम मंडी की अध्यक्ष दीपाली जसवाल, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रवण मांटा, जिला चिकित्सा एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर और क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. धर्म सिंह ठाकुर मंडी के विजय स्कूल में बनाए गए टीकाकरण केंद्र पर विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

इस मौके पर मांटा ने कहा कि 21 से 30 जून तक की इस टीकाकरण मुहिम के तहत जिला में 18 से 44 आयु समूह में हर दिन 14 हजार 605 टीके लगाए जाएंगे। इसमें जिला की प्रत्येक पंचायत को कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हफ्ते पहले तीन दिन यानी सोम, मंगल व बुधवार को और अगले हफ्ते भी पहले तीन दिन 18-44 आयु समूह के लाभार्थियों के टीकाकरण के लिए रखे गए हैं। इस अवधि में पंचायत वार टीकाकरण कर जिला की सभी 559 पंचायतें कवर की जाएंगी और हर पंचायत में कम से कम 100 लोगों को कोरोना रोधी टीका लगाने का काम किया जाएगा। दोनों हफ्तों के आखिरी 3-3 दिन, वीर, शुक्र और शनिवार को 45 प्लस आयु वर्ग व अन्य पात्र लोगों को पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी।

वहीं, डॉ. दिनेश ठाकुर ने बताया कि जिला में ग्रामीण क्षेत्रों-पंचायतों के लोगों को टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक करवाने की कोई आवश्यकता नहीं है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ऑन लाईन स्लॉट बुकिंग से छूट दी है।

### रेकॉर्ड 14,612 को लगा टीका

मंडी: जिले में 18-44 समूह के लोगों के टीकाकरण के लिए छेड़ी गई विशेष मुहिम में पहले दिन 21 जून को कुल 14 हजार 612 लोगों को कोरोना रोधी टीके लगाए गए। जिला चिकित्सा एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर ने बताया कि जिला में मुहिम के तहत पहले दिन 14 हजार 605 टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया था, उससे भी आगे बढ़ कर काम किया गया है। इसके लिए उन्होंने टीकाकरण कार्य में जुटे स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने बताया कि कोविड टीकाकरण महाअभियान की शुरूआत के बाद से 21 जून तक जिले में टीके की कुल 4 लाख 27 हजार 938 खुराक दी गई हैं।


**HIRA AUTOMOBILES LIMITED**

Regd. Office : # 598, Sector 18-B, Chandigarh | CIN:- L50101CH1989PLC009500
Tel:0172-2743462 | Email : hiraaccounts@gmail.com | www.hiraautomobiles.com

**COMPANY NOTICE** Pursuant to Regulations 29 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors will be held on **Wednesday on 30th June, 2021** at 04.00 p.m. to consider, inter alia, Audited Financial Results of the Company for the Quarter and the Financial Year ended on **31st March, 2021**. The said notice is also available on company's website www.hiraautomobiles.com and may also be available on the website of BSE Limited www.bseindia.com

Place : Chandigarh
Date : 21.06.2021

For Hira Automobiles Ltd.
Rahulinder Singh Sidhu (Chairman) DIN-00447452



**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
***** Notice Inviting Tender *****

Sealed item rate tender on form No. 6 & 8 are hereby invited by the Executive Engineer, HP PWD Division Tanda at Nagrota Bagwan on behalf of Governor of Himachal Pradesh for the following work from the approved and eligible contractors enlisted in HP PWD (B & R) whose registration stood renewed as per revised rules so as to reach in his office on or before on 23.07.2021 up to 11:00 A.M. And the same shall be opened on the same day at 11:30 A.M. in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tender form can be obtained from his office on cash payment (non refundable) on 22.07.2021 up to 4:00 P.M and the application for issue of tender form shall be received on 20.07.2021 up to 12:00 noon. The applications for issue of tender forms accompanied with enlistment letter or renewal letter and the earnest money in the shape of National Saving Certificates/Saving Account of the Post Office /Time Deposit account/FDR in Himachal Pradesh duly pledged in favour of Executive Engineer, HP PWD Division Tanda at Nagrota Bagwan.

The conditional tender and the tender received without earnest money will summarily be rejected. The offer of the tender shall be kept open for 120 days.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Time limit |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of NH-154 to village Hatwas in Distt Kangra (HP) (SH:-C/O Edge wall, drain & providing and laying interlocking paver block) | 410515/- | 8250/- | Three months |
| 2 | A/R & M/O Kangra Sadarpur road in Distt Kangra (SH:-Providing and laying Bituminous concrete pavement at RD 0/500 to 1/000 ) | 498625/- | 10000/- | One month |
| 3 | Construction of Thana Bargran to Bushal road Km 0/000 to 4/300 in Distt Kangra (SH:-Providing and laying Thermoplastic Paint strips) | 499998/- | 10000/- | One month |
| 4 | Construction of link road to Gujjar Basti at Massal in Distt Kangra (HP) (SH:-Construction of retaining wall in different reaches) | 410515/- | 8250/- | Three months |
| 5 | C/O link road Ustehar to Khajan Chand House in Distt Kangra (HP) (Under SCSP (SH:-C/o 3.00 mtr span RCC Culvert at RD 0/165). | 499080/- | 10000/- | Two months |
| 6 | Restoration of rain damages on Nagrota Gajrehra Ghorab road in Distt Kangra (SH:- Construction of Drain in various RDs) | 332089/- | 6650/- | Three months |

1. The contractor/firm should be registered as or dealer GST No.
2. The intending contractor / firm have to produce the copy of latest enlistment and renewal enlisted in HPPWD.
3. If any of the date mentioned above happened to be Gazetted Holidays the same shall be processed on next working day.
4. The Executive Engineer reserves the right to accept/reject any tender/application or all tenders without assigning any reason.
5. The Contractor will have to submit affidavit along with application for issue of tender that he has not more than two works in hand.
6. Next tender will be issued only after completion of previous works in hand.

**Executive Engineer**
**H.P.P.W.D. Tanda Division**
**at Nagrota Bagwan**
**(On behalf of Governor of Himachal Pradesh)**

1740/HP **HIMSUCHANA AVAM & JAN SAMPARK**


## खूनी झड़प में दूसरे शख्स की भी पीजीआइ में मौत

धर्मशाला, 21 जून (जनसत्ता)।

कांगड़ा हलके के बीरता गांव में चार रोज पहले जमीनी विवाद के चलते हुई खूनी झड़प में गंभीर रूप से घायल हुए दूसरे व्यक्ति राकेश कुमार की रविवार देर रात को चंडीगढ़ पीजीआइ में मौत हो गई। इससे पहले उस वारदात में जख्मी सुभाष चंद ने शनिवार तड़के दम तोड़ दिया था।

इसके साथ ही इस खूनी झड़प में मरने वालों की तादात दो हो गई है जबकि तीसरा घायल ऊमा शंकर का अभी भी टांडा अस्पताल में उपचार चल रहा है। कांगड़ा के डीएसपी सुनील कुमार ने मौत की पुष्टि की है।

बीरता गांव में दो परिवारों के बीच हुई झड़प में आरोपी पक्ष के नौ लोगों ने मिलकर दराट से पीड़ित परिवर के तीन सदस्यों को लहूलुहान कर दिया था। उसके बाद धरना प्रदर्शन के बाद पुलिस ने इस वारदात में तीन महिलाओं समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

## 600 रुपए में होंगे रोहतांग, अटल सुरंग के दीदार

कुल्लू, 21 जून (जनसत्ता)।

पर्यटन निगम ने रोहतांग दर्रे के दीदार करने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए 15 सीटर बस सेवा शुरू कर दी है। पर्यटकों की आमद बढ़ते ही निगम अपनी 35 सीटर बस भी चलाएगा। हालांकि पर्यटन निगम हर साल बस सेवा शुरू करता है लेकिन इस बार अटल सुरंग के चलते सेवा रोचक हो गई है। बस मनाली से रोहतांग जाएगी और बर्फ से रूबरू करवाकर सैलानियों को अटल सुरंग का दीदार करवाते हुए मनाली वापस लौटेगी। इसका किराया भी 600 रुपए निर्धारित किया गया है।

हालांकि अधिकतर पर्यटक टैक्सी या अपनी गाड़ियों को ही प्राथमिकता देते हैं। इससे पहले एचआरटीसी की बसें भी रोहतांग होकर आती जाती थी लेकिन सुरंग बनने के बाद एचआरटीसी का रूट बदल गया है। ऐसे भी पर्यटक हैं जो सीमित बजट में मनाली घूमने आते हैं। उनके लिए यह बस सेवा सुकून देने वाली है।

निगम की यह बस सुबह छः बजे चलेगी और बाहंग, नेहरुकुण्ड, कुंलंग, पलचान, कोठी, गुलाबा, राहलाफाल, ब्यासनाला, मढ़ी, राहनीनाला घुमाते हुए रोहतांग पहुंचेगी। रोहतांग में बर्फ के दीदार करने के बाद पर्यटक लाहुल की वादियों में प्रवेश करेंगे और ग्राम्फू होते हुए कोकसर पहुंचेंगे। कोकसर से अटल सुरंग के नार्थ पोर्टल दस्तक देंगे वहां से सुरंग के दीदार कर साउथ पोर्टल पहुंचेंगे और धुंधी, सोलंगनाला पलचान होते हुए मनाली लौट आएंगे।

मनाली से चलते ही पर्यटक कोठी में जल पान कर सकते हैं। सरकार ने एनजीटी के आदेशानुसार मढ़ी में भव्य मार्किट बनाई है। पर्यटक मढ़ी में नाश्ता कर रोहतांग प्रस्थान करेंगे। रोहतांग के उस पार कोकसर में भी पर्ययकों को खाने पीने की व्यवस्था रहेगी। वहीं, पर्यटन निगम के एडीएम अनिल तनेजा ने बताया कि निगम में अभी 15 सीटर बस शुरू की है।

## चार ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

कुल्लू, 21 जून (जनसत्ता)।

मनाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को नशाला गांव के बैनी ठाकुर, प्रेम चंद राणा, हरी कृष्ण और मोहन लाल विस क्षेत्र के अंतर्गत अब तक हुए विभिन्न विकासात्मक कार्यो तथा करोड़ों की चल रही विकासात्मक परियोजनाओं से प्रभावित होकर सोमवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने इनका पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा हिमाचल में मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के कुशल नेतृत्व में विकास के नए-नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने पर इन सभी लोगों का दिल से स्वागत किया तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि भाजपा में उन्हें उचित मानसम्मान दिया जाएगा।

### योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किया सरकार की नीतियों का गुणगान

## किसान मोर्चा ने किया 2022 में भाजपा की वापसी का दावा

मंडी, 21 जून (जनसत्ता)।




भाजपा किसान मोर्चा की ओर से प्रदेश भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। सोमवार को मंडी में किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा बबली ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि योग हमारे ऋषि-मुनियों की परंपरा है, जिसे अब विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में भी योग व आयुर्वेद की वजह से कोरोना का प्रहार कम हुआ।

बबली ने बताया कि आयुर्वेद और योग के बारे में किसान मोर्चा जागरूकता पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन रिपीट 2022 भाजपा सरकार की प्रदेश में वापसी और इससे पहले मंडी संसदीय क्षेत्र व अन्य दो उप चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने केलिए भाजपा किसान मोर्चा अहम भूमिका अदा करेगा। इस बारे में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में 197 करोड़ की महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की है। जिसमें मंडियों के विस्तारीकरण और नई मंडियां खोलने के अलावा कोल्ड स्टोर खोलने के लिए 25 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इसके अलावा सोलन में टोमेटो प्रोसेसिंग यूनिट के लिए जगह चिन्हित की गई है, जल्दी ही टोमेटो प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित होने के बाद किसानों को उनके उत्पाद के बेहतर दाम मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि मिशन रिपीट 2022 केलिए हर बूथ पर 15 किसान प्रहरी तैनात किए जाएंगे जो किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएंगे और उनका समाधान भी करवाया जाएगा। इसके अलावा किसान मोर्चा 25 जून से 6 जुलाई तक प्रदेश भर में वृक्षारोपण अभियान चलाएगा।